# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**गुरुवार, दिनांक 5 नवम्बर, 2015 (कार्तिक 14, शक सम्वत् 1937)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10:36 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति,
(2) श्री परसराम भारद्वाज, भूतपूर्व संसद सदस्य,
(3) श्री जगन्नाथ सिंह, भूतपूर्व संसद सदस्य,
(4) श्री सुखलाल कुशवाहा, भूतपूर्व संसद सदस्य,
(5) श्री हीरालाल मालवीय, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री कालूराम खटीक, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) महंत स्वामी श्री उमेश मुनि, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(8) श्री धीरज सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(9) श्री रतन पाटौदी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(10) श्री मुनीराम साहू, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(11) श्री रवीन्द्र जैन, सुप्रसिद्ध संगीतकार,
(12) हरदा जिले में हुई रेल दुर्घटना में मृत व्यक्ति,
(13) झाबुआ जिले के पेटलावद में हुए विस्फोट में मृत व्यक्ति.

सर्वश्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्री रामनिवास रावत, श्री सत्यप्रकाश सखवार, श्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्यगण ने भी शोकोदगार व्यक्त किये. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

दिवंगतों के सम्मान में कार्यवाही 11.18 बजे स्थगित की जाकर 11.37 बजे पुन: समवेत हुई.

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 3. स्वागत उल्लेख

श्री कैलाश जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री की अध्यक्षीय दीर्घा में उपस्थिति पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से स्वागत किया गया.

### 4. विशेष उल्लेख

**माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई**

श्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य द्वारा FORBS मैग्जीन में उल्लिखित सबसे पावरफुल व्यक्तियों में माननीय श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री का चयन किये जाने पर बधाई दी.

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य की भावनाओं से सहमति व्यक्त करते हुए सदन की ओर से माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई दी गई.

## 5. कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक गुरुवार, दिनांक 5 नवम्बर, 2015 को सम्पन्न हुई. जिसमें वर्ष 2015-2016 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान (विशेष) की मांगों पर मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक के पुर:स्थापन, विचार एवं पारण पर चर्चा के लिये 2 घंटे का समय निर्धारित करने की सिफारिश की गई है.

डॉ. नरोत्तम मिश्र, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि अभी अध्यक्ष महोदय ने जिन कार्यों पर चर्चा के लिए समय निर्धारण करने के संबंध में कार्य मंत्रणा समिति की जो सिफारिशें पढ़ कर सुनाई, उन्हें सदन स्वीकृति देता है.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ.

## 6. जुलाई, 2015 सत्र की दिनांक 23 जुलाई, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक स्थगित बैठकों की प्रश्नोत्तर सूचियां पटल पर रखा जाना

अध्यक्ष महोदय ने स्थायी आदेश 13-क की अपेक्षानुसार, जुलाई, 2015 सत्र की दिनांक 23 जुलाई, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक स्थगित बैठकों की प्रश्नोत्तर सूचियां पटल पर रखे जाने की घोषणा की.

## 7. राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि मध्यप्रदेश विधान सभा के विगत सत्रों में पारित 7 विधेयकों को माननीय राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त हो गई हैं, जिनके नाम दर्शाने वाले विवरण की प्रतियां माननीय सदस्यों को वितरित कर दी गई हैं. इन विधेयकों के नाम कार्यवाही में मुद्रित किये जायेंगे :--

| क्र. | राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त विधेयक | अधिनियम क्रमांक |
|---|---|---|
| (1) | मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-3) विधेयक, 2015 (क्रमांक 8 सन् 2015) | (अधिनियम क्रमांक 13 सन् 2015) |
| (2) | मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-4) विधेयक, 2015 (क्रमांक 9 सन् 2015) | (अधिनियम क्रमांक 14 सन् 2015) |
| (3) | मध्यप्रदेश वेट (संशोधन) विधेयक, 2015 (क्रमांक 12 सन् 2015) | (अधिनियम क्रमांक 15 सन् 2015) |
| (4) | मध्यप्रदेश अधोसंरचना विनिधान निधि बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2015 (क्रमांक 4 सन् 2015) | (अधिनियम क्रमांक 16 सन् 2015) |
| (5) | मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2015 (क्रमांक 10 सन् 2015) | (अधिनियम क्रमांक 17सन् 2015) |
| (6) | मध्यप्रदेश तंग करने वाली मुकदमेबाजी (निवारण) विधेयक, 2015 (क्रमांक 5 सन् 2015) | (अधिनियम क्रमांक 18 सन् 2015) |
| (7) | मध्यप्रदेश औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक, 2015 (क्रमांक 6 सन्2015) | (अधिनियम क्रमांक 19 सन् 2015) |

## 8. विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र की सूचना

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 65 – मैहर से निर्वाचित सदस्य, श्री नारायण त्रिपाठी के द्वारा विधान सभा में अपने स्थान का त्याग करने की सूचना दी गई.

## 9. वर्ष 2015-2016 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान (विशेष) का उपस्थापन

अध्यक्ष महोदय द्वारा उल्लेख किया गया कि विधान सभा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 150 के अनुसार सामान्यत: आय-व्ययक पर उस दिन कोई चर्चा नहीं होती है. जिस दिन वह उपस्थापित किया जाता है, परन्तु चूंकि वर्तमान विशेष प्रयोजन हेतु आयोजित सत्र एक दिवसीय है इसलिये मेरे द्वारा अनुपूरक अनुमान को आज ही उपस्थापित करने एवं तदुपरांत उस पर चर्चा की अनुज्ञा प्रदान की गई है. मैं समझता हूं कि सदन इससे सहमत है.

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री ने वर्ष 2015-2016 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान (विशेष) का उपस्थापन किया.

## 10. सभापति तालिका की घोषणा

अध्यक्ष महोदय द्वारा मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 9 के उपनियम (1) के अधीन, निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम निर्दिष्ट किया गया:-

(1) श्री मानवेन्द्र सिंह
(2) श्री कैलाश चावला
(3) श्रीमती अर्चना चिटनिस
(4) श्री गिरीश गौतम
(5) श्री रामनिवास रावत
(6) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा

## 11. वर्ष 2015-2016 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान (विशेष) की मांगों पर मतदान

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की सहमति से घोषणा की गई कि परम्परानुसार, अनुपूरक मांगों की चर्चा में सभी मांगे एक साथ प्रस्तुत की जाकर उन पर एक साथ चर्चा होती है, अत: वित्त मंत्री द्वारा सभी मांगे एक साथ प्रस्तुत की जाएं, तदनुसार, श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री ने राज्यपाल महोदय की सिफारिश के अनुसार यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि –

"दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 12, 13, 17, 22, 29, 36, 41, 57, 58, 64 एवं 74 के लिए राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर आठ हजार चार सौ सात करोड़, चौबीस लाख, इक्यासी हजार आठ सौ चालीस रुपये की अनुपूरक राशि दी जाए.".

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

(1) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा
(2) श्रीमती अर्चना चिटनिस
(3) श्री रामनिवास रावत
(4) श्री केदारनाथ शुक्ल
(5) श्री मुकेश नायक
(6) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया

**सभापति महोदया (श्रीमती अर्चना चिटनिस) पीठासीन हुई.**

(7) श्रीमती ऊषा चौधरी
(8) डॉ. गोविन्द सिंह

## 12. अध्यक्षीय घोषणा

आज भोजन अवकाश नही होगा, अनुपूरक अनुमान पर चर्चा जारी रहेगी.

सभापति महोदया द्वारा सदन को सूचित किया गया कि माननीय सदस्यों के स्वल्पाहार की व्यवस्था सदन की लॉबी में की गई है. माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे सुविधानुसार स्वल्पाहार ग्रहण करने का कष्ट करें.

## 13. वर्ष 2015-2016 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान (विशेष) की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

(9) श्री विश्वास सारंग
(10) श्री बाला बच्चन
(11) श्री सुन्दरलाल तिवारी
(12) श्री गोविन्द सिंह पटेल
(13) श्री जितू पटवारी
(14) श्री आशीष शर्मा

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

(15) श्री दुर्गालाल विजय
(16) श्री शैलेन्द्र पटेल
(17) डॉ. मोहन यादव
(18) श्री मनोज कुमार अग्रवाल
(19) श्री कमलेश्वर पटेल

## 14. बहिर्गमन
### आसंदी द्वारा श्री कमलेश्वर पटेल, सदस्य की बात न सुने जाने के विरोध में बहिर्गमन

श्री कमलेश्वर पटेल, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सदस्य की आसंदी द्वारा उनकी बात न सुने जाने के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया.

## 15. वर्ष 2015-2016 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान (विशेष) की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

(20) कुंवर सौरभ सिंह
(21) डॉ. रामकिशोर दोगने
(22) श्रीमती पारुल साहू
(23) श्री नीलेश अवस्थी
(24) श्री पन्नालाल शाक्य
(25) श्री सोहनलाल वाल्मीक
(26) श्रीमती शीला त्यागी
(27) श्री निशंक कुमार जैन
(28) श्री बहादुर सिंह चौहान
(29) श्रीमती झूमा सोलंकी
(30) सुश्री हिना लिखीराम कावरे
(31) श्री हेमन्त खण्डेलवाल
(32) श्रीमती सरस्वती सिंह
(33) श्री फुन्देलाल सिंह मार्को
(34) श्री ओमकार सिंह मरकाम
(35) श्री ओमप्रकाश सखलेचा
(36) श्री गोवर्धन उपाध्याय
(37) श्री लाखन सिंह यादव
(38) श्री जयवर्द्धन सिंह
(39) श्री हरदीप सिंह डंग
(40) श्री सुखेन्द्र सिंह बन्ना
(41) श्री यादवेन्द्र सिंह
(42) श्री प्रताप सिंह
(43) श्री मधु भगत
(44) श्री अजय सिंह
(45) श्री दिनेश राय
(46) श्रीमती ममता मीना
(47) श्री सत्यदेव कटारे (नेता प्रतिपक्ष)

## 16. अध्यक्षीय घोषणा
### सदन के समय में वृद्धि विषयक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की सहमति से आज की कार्यसूची में उल्लेखित विनियोग विधेयक पारित होने तक सदन के समय में वृद्धि संबंधी घोषणा की गई.

## 17. वर्ष 2015-2016 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान (विशेष) की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया.

अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ.

## 18. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री ने मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-5) विधेयक, 2015 (क्रमांक 13 सन् 2015) पुर:स्थापित किया तथा प्रस्ताव किया कि इस विधेयक पर विचार किया जाय.

विचार का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ.

(विधेयक पर खण्डश: विचारोपरांत)

खण्ड 2, 3 तथा अनुसूची इस विधेयक का अंग बने.
खण्ड 1 इस विधेयक का अंग बना.
पूर्ण नाम तथा अधिनियमन सूत्र विधेयक का अंग बने.

(विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान, श्री रामनिवास रावत, श्री बाला बच्चन, सदस्यगण ने प्रदेश में सूखे से उत्पन्न स्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव हेतु शासन का ध्यान आकर्षित कराया)

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री ने मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-5) विधेयक, 2015 (क्रमांक 13 सन् 2015) पारित किया जाए.

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ.
विधेयक पारित हुआ.

## 19. राष्ट्रगान "जन गण मन" का समूहगान

सदन में माननीय सदस्यगण द्वारा खड़े होकर राष्ट्रगान "जन-गण-मन" का समूह गान किया गया।

## 20. विधान सभा की कार्यवाही का अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की जाना

अपराह्न 6.29 बजे विधान सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई.

**भगवानदेव ईसरानी,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 5 नवम्बर, 2015**